एक नजर में

आयुष्मान आरोग्य शिविर 14 जुलाई को

उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन ने बताया कि जनसमुदाय को स्वास्थ्य सुविधायें उनके निवास के निकट उपलब्ध कराये जाने हेतु आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन 14 जुलाई 2025 किया जाएगा। जिसमें निम्नानुसार गतिविधियां की जाएंगी। गर्भावस्था एवं प्रसव सम्बंधित देखभाल : गतिविधि समस्त गर्भवती महिलाओं की ए. एन.सी. जांच पूर्ण करना ,नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधित देखभाल : गतिविधि- 0-5 वर्ष के समस्त शिशुओं का स्वास्थ्य परिक्षण, उपचार, रेफरल, गैर संचारी रोग उपचार देखभाल : गतिविधि एनसीडी की जांच, डायग्नोसिस एवं उपचार , संचारी रोग- गतिविधि- 1. जनभागीदारी के सहयोग से क्षय रोग उन्मूलन की विभिन्न गतिविधियां जैसे नवीन मरीजों की खोज, मरीजो की जांच, उपचार, नि :क्षय पोषण योजना के अंतर्गत टी .बी . के रोगियों को लाभ एवं अधिक से अधिक निक्षय मित्र तैयार कर टी .बी . के हितग्राहियों को फूड बास्केट उपलब्ध कराना। 2. अन्य संचारी रोगों यथा दस्त रोग, निमोनियां, कुष्ट रोग, खसरा इत्यादि की पहचान, उपचार, आवश्यकतानुसार रेफर। वेलनेस एवं अन्य गतिविधि : गतिवधि- 1. वेलनेस गतिविधि का आयोजन 2. जुलाई माह की थीम के अनुसार विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) का आयोजन 3. विश्व हेपेटाइटिस दिवस (28 जुलाई) का आयोजन।

जोड़ प्रत्यार्पण शल्य क्रिया संपन्न

उज्जैन। आई एएम ए के अध्यक्ष, डॉ अजय खरे ने बताया कि उज्जैन के युवा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आयुष भटनागर ने मेरिल कंपनी के रोबोट से उज्जैन की पहली रोबॉटिक घुटने प्रत्यार्पण शल्य क्रिया संपन्न की। यह रोबोट पूर्ण रूप से भारत में विकसित अति आधुनिक शल्य उपकरण हैं, जिसका लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। शल्य क्रिया स्थानीय एस एन कृष्णा अस्पताल में की, जहां डॉ. आयुष, आर्थोसकोपी और जोड़ प्रत्यारोर्पण, हड्डी रोग कंसल्टेंट और विभाग प्रमुख हैं। शल्य क्रिया के निश्चचेतना विशेषज्ञ डॉ .सागर दूसेजा एवं पूरी कृष्ण अस्पताल की टीम ने सक्रिय सहयोग दिया। ध्यान रहे डॉ. आयुष, एएफएमसी पूना के छात्र हैं और बंगलौर से एम एस के उपरांत 2 वर्ष तक मेदांता, गुडगांव में आर्थोसकोपी, स्पोर्ट्स सर्जरी एवं जोड़ प्रत्यारोपण शल्य चिकित्सा आपने सतत की है। आपने प्रसिद्ध एवं आधुनिकतम विभिन्न रोबोट से घुटने और कूलहे बदले हैं। उसके बाद अपने गृह नगर उज्जैन को स्थायी सेवा हेतु चुना। आप वरिष्ठ हड्डी रोग सर्जन डॉ. जितेन्द्र भटनागर के पुत्र हैं। आपके पिता ने भी पूरे प्रदेश में पहली बार ईलीजारोव सर्जरी शुरू की थी एवं कई शल्य प्रथम बार कंट्रोल में जिला चिकित्साल में किए थे। जोड़ प्रत्यार्पण अब सहज, सटीक सुनिश्चित सफल परिणाम की क्रिया इस उपकरण से सम्भव हो गए हैं और उज्जैन वासियों यह सुविधा सुलभ कराने पर उज्जैन के वरिष्ठ सदस्यों तथा कई संस्थाओं के पदाधिकारी और ख्याति नाम वासियों ने आयुष को उज्ज्वल भविष्य की कामना, आशीर्वाद और बधाई दी है।

निगम अध्यक्ष ने किया कावड़ यात्रा का स्वागत

उज्जैन। श्रावण माह के प्रथम दिवस पर उत्तम स्वामी जी महाराज के सानिध्य में निकाली गई समर्पण कावड़ यात्रा का स्वागत उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा प्रशांति धाम के पास निगम मंच के माध्यम से पुष्प वर्षा करते हुए किया गया। कावड़ यात्रा त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर से प्रारंभ हुई जो कि शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महाकाल मंदिर पहुंचकर बाबा का जल से अभिषेक करते हुए यात्रा का समापन हुआ यात्रा में शामिल कावड़ यात्रियों का स्वागत नगर निगम द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए किया गया साथ ही बग्गी में बैठे साधु, संतों, महंतों का निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा शाल ओढ़ाकर एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व महापौर मीना विजय जोनवाल, पार्षद आभा कुशवाह, मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रमिला यादव, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे एवं सम्माननीय नागरिक गण उपस्थित रहे।

13 को लोटस हॉस्पिटल में नि :शुल्क शिविर

उज्जैन। मक्सी रोड पवासा स्थित स्वास्तिक धाम में लोटस हॉस्पिटल फ्रीगंज द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पीठाधीश्वर डॉ. अवधेश पुरी महाराज और गुरु मां विद्या पुरी के सानिध्य में 13 जुलाई को प्रात : 9 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर शिष्यों द्वारा प्रात : 11 बजे गुरु पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात महाप्रसादी होगी। यह जानकारी देते हुए करण पंड्या ने बताया शिविर में मुख्य रूप से डॉ. एन के, डॉ. प्रवीण पंड्या, डॉ. महेश राठौर, डॉ. बृजेश पवार, डॉ. योगेंद्र तिवारी, डॉ. खुशबू अंसारी, अनिल सूर्यवंशी, लक्ष्मण सिंह फोटोग्राफर अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में होम्योपैथिक दवा का वितरण और एलोपैथिक की ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच भी निशुल्क की जाएगी। शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरु के आशीर्वाद के साथ स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लेने का अनुरोध स्वस्तिक धाम द्वारा किया गया है।

ब्राह्मण समाज कार्तिक चौक ने किया गुरु पूजन

उज्जैन। गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज कार्तिकचौक द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजन का आयोजन समाज की धर्मशाला में किया गया। अध्यक्ष पंडित उत्तम दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति वर्ष की परंपरा अनुसार समाजजनों ने धर्मशाला में स्थित वेदमूर्ति ब्रह्मलीन पंडित नरहरि शुक्ल की प्रतिमा का पूजन-अर्चन कर पुष्पमाला अर्पित की व आरती कर मिठाई व फल का भोग लगाया गया। इसके पश्चात समाज के गोर पंडित मंगलेश मेहता का गुरु पूजन कर वस्त्र एवं दक्षिणा आदि भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पंडित पुरुषोत्तम दुबे, मुन्ना गुरु चम्मच वाला, पंडित वीरेश उपाध्याय, पंडित अधिक गुरु, पंडित राधू गुरु, पंडित अजीत शर्मा, पंडित नीलेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

खलीफा पोपसिंह का किया सम्मान

उज्जैन। देवी अवंतिका सामाजिक युवा कल्याण समिति द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव प्रशिक्षकों का करुणा शितोले, मोना शिंदे एवं खलीफा पोप सिंह जी दादा का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सभी बच्चों को नियमित एवं अनुशासन एवं प्रशिक्षण में किस प्रकार अपना व्यवहार और अचार रखना है उसके बारे में बताया एवं प्रशिक्षणार्थियों को लाठी एवं तलवार का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से रचना गहलोत, हेमलता यादव, पद्मावती लता भोसले, वसंत विहार सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष राजेंद्र परब विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यकारिणी समिति की बैठक 15 जुलाई को

उज्जैन। शासकीय स्वशासी धन्वंतरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने जानकारी दी कि संभाग आयुक्त व अध्यक्ष महाविद्यालय कार्यकारिणी समिति के निर्देशानुसार 15 जुलाई मंगलवार को दोपहर 12:00 बजे महाविद्यालय की कार्य समिति की बैठक महाविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित की जाएगी। संस्था की कार्य समिति के सभी सदस्य बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

शिप्रा विहार में होटल हब और 56 दुकान ,महाकाल नगरी की अब नई पहचान

यही समय है सही समय है, उज्जैन विकास पर बोले-360 करोड़ रुपए की योजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण किया

उज्जैन। शुक्रवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विकास प्राधिकरण की महत्वपूर्ण योजनाओं का भूमि पूजन और लोकार्पण किया, करीब 360 करोड रुपए से निर्मित की जाने वाली जन उपयोगी योजनाओं का भूमि पूजन और लोकार्पण करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा उज्जैन विकास का यही समय है सही समय है।

नवभारत से चर्चा में विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को उज्जैन के प्रवास पर रहें, इस दौरान उन्होंने यहां विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 68 करोड़ रुपये की लागत से विकसित नानाखेडा पर 7 मंजिला वाणिज्यिक काम्पलेक्स एवं 48 करोड रुपये की लागत से निर्मित क्षिप्रा विहार वाणिज्यिक सह आवासीय परिसर शामिल है।

प्राधिकरण द्वारा नानाखेड़ा क्षेत्र में शहर का पहला सात मंजिला वाणिज्यिक काम्पलेक्स प्रतिकल्पा बनाया गया है। इसका कुल क्षेत्रफल 37650 वर्ग फीट है। इसका निर्मित क्षेत्रफल 150000 वर्गफीट होकर भूतल पर 02 दुकानें (क्षेत्रफल 2000 वर्गफीट), 07 दुकानें (क्षेत्रफल 1400 से 1980 वर्गफीट), प्रथम तल पर 11 दुकानें (क्षेत्रफल 756 से 1740 वर्गफीट), 29 पलेट (3बीएचके) क्षेत्रफल 1320 से 2350 वर्गफीट, 24 फ्लेट (2 बीएचके) क्षेत्रफल 851 वर्गफीट, 06 लिफ्ट एवं 80 कार का पार्किंग एरिया एवं 2 बेसमेंट बनाये गये है।

उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा विक्रमनगर रेलवे स्टेशन के पास ग्राम नीमनवासा, धतरावदा नागझिरी, कोठीमहल एवं लालपुर क्षेत्र में कुल 250.65 हेक्टेयर भूमि पर नगर विकास योजना के 3 एवं 4 क्रियान्वित की जा रही है। जिसमें द्वितीय चरण अन्तर्गत राशि 175.00 करोड़ रुपये की लागत से अधारभूत अधोसंरचना विकास कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसके अन्तर्गत रोड, अंडरग्राउंड सीवरेज नेटवर्क, स्टॉर्म वाटर पाईप लाईन, यूटीलिटी डक्ट, स्ट्रीट लाईटिंग जलप्रदाय लाईनें, अंडरग्राउंड विद्युत व्यवस्था, पार्क, आदि निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को विकास प्राधिकरण की क्षिप्रा विहार कॉलोनी में पहुंचे , यहां पर होटल हब 56 दुकान समेत अन्य योजनाओं का भूमि पूजन और लोकार्पण करने के लिए जब परिसर में पहुंचे तो यहां पर सैकड़ो बटुकों ने स्वस्ति वाचन किया और पं. गौरव उपाध्याय के आचार्यत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने योजनाओं का पूजन अर्चन किया।

इसके साथ आज सीएम डॉ. यादव 430 मोटर साइकिल विद आइस बॉक्स के स्वीकृति पत्र एवं 100 यूनिट्स का वितरण, 396 केज के स्वीकृति पत्र का प्रदाय, फीडमील के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का प्रदाय एवं उत्कृष्ट कार्य कर रहे मछुआरों एवं मत्स्य सहकारी समितियों को पुरस्कार वितरण करेंगे।

56 दुकान देगा उज्जैन को नई पहचान

48 करोड़ की लागत से 22 एकड़ में क्षिप्रा विहार वाणिज्यिक परिसर का विकास किया गया है, जिसमें 25 भूखंड (12000-40000 वर्गफीट), 75 भूखंड (800-1200 वर्गफीट), 70000 वर्गफीट क्षेत्र का लैंडस्केपिंग, फूड झोन हेतु 56 दुकानें उपलब्ध रहेंगी। परिसर के चारों ओर 45, 30 एवं 24 मीटर मास्टर प्लान अनुसार चौड़ी सड़कें एवं अंडरग्राउंड सीवरेज नेटवर्क, वाटर ड्रेन, जलप्रदाय लाईनें, अंडरग्राउंड विद्युत व्यवस्था, वाईड रोड नेटवर्क, डिवाईडर, फुटपाथ एवं स्ट्रीट लाईटिंग का प्रावधान किया गया है। इस प्रकल्प से शहर को एक नई पहचान मिलेगी। 16 करोड़ रुपये की लागत से एम आर 11 सड़क कार्य का लोकार्पण भी किया। इस रोड की लंबाई 1.7 किमी, चौड़ाई 45 मीटर, रोड के दोनों ओर सुंदर पौधारोपण, डिवाइडर एवं आकर्षक सेंट्रल लाइटिंग का प्रावधान किया गया है यह रोड इंदौर रोड और देवास रोड के समानांतर होगी।

निगम अध्यक्ष ने पीएम आवास के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए

उज्जैन। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में किया गया। जिसमें आवासों की कुल अनुदान राशि रुपए 1626 करोड़ रुपए, प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 अंतर्गत निर्मित 45 हजार से अधिक हितग्राहियों के आवासों का गृह प्रवेश एवं प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत 19541 नवीन आवासों के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई सभागृह में दौरान निगम अध्यक्ष कलावती यादव की उपस्थिति में किया गया। साथ ही इस दौरान निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा उपस्थित हितग्राहियों को नवीन आवासों के स्वीकृति पत्र प्रदान करते हुए शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान एमआईसी सदस्य जितेंद्र कुवाल, सुगन बाबूलाल बाघेला, झोन अध्यक्ष सुरेंद्र मेहर, पार्षद गब्बर भाटी, पंकज चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, कार्यपालन यंत्री पीसी यादव, निर्झर शुक्ला, सहायक आयुक्त प्रवीण मुकाती, रविकांत मगरदे, राघवेंद्र सिंह पालिया, प्रफुल्ले गठरे एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

मोबाइल लोकेशन से पकड़ाए लूट करने वाले बदमाश

उज्जैन। शांति पैलेस के पीछे शिप्रा नदी के ब्रिज पर गुरुवार तड़के बदमाशों ने मारपीट कर ट्रक चालक से 14 हजार रुपए नगद और दो मोबाइल लूट लिया था। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर तीनों बदमाशों को 6 घंटे की तलाश के बाद ढोढर से गिर तार कर लिया। शुक्रवार को बदमाशों को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

नीलंगा थाना पुलिस ने बताया कि गुरुवार तड़के 5 बजे शांति पैलेस के पीछे बायपास मार्ग पर ट्रक ड्राइवर अमन पिता रामेश्वर बैंडवाल निवासी शंकरपुर को बाइक से आए तीन बदमाशों ने रोक लिया था और मारपीट कर 14 हजार रुपए नगद, दो मोबाइल लूट कर भाग निकले थे। अमन ने शिकायत दर्ज कर आते हुए बताया कि उसके ट्रक में डीजल खत्म हो गया था वह ट्रक को शिप्रा ब्रिज के पास खड़ा कर पेट्रोल पंप पर डीजल लेने गया था वापस लौटते समय जब वह पैदल ट्रक के पास आ रहा था इस दौरान बदमाशों ने लूटपाट की। पुलिस ने तत्काल ही बदमाशों का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखें। जिसमें बाइक सवार बदमाशों की बाइक का नंबर एमपी 13 झेड पी 2820 सामने आ गया। जिसके आधार पर पुलिस चिमनगंज थाना क्षेत्र के सांदीपनी नगर पहुंची जहां प्रीतम पिता नवीन परिहार और पीयूष पिता ज्ञानेश्वर जायसवाल के परिजनों से पूछताछ की गई। दोनों के मोबाइल नंबर परिजनों से लेकर ट्रेस किए गए लेकिन बंद आ रहे थे। परिजनों से पूछताछ करने पर सामने आया कि प्रीतम अपनी बहन का मोबाइल लेकर गया है। पुलिस ने बहन के नंबर को ट्रेस किया तो लोकेशन रतलाम के ढोढर के रास्ते पर होना सामने आई। नीलगंगा टीआई तरुण कुरील ने उप निरीक्षक सतीश नाथ, प्रधान आरक्षक राहुल कुशवाहा, आरक्षण दीपक दिनकर और अंकित को बदमाशों की धरपकड़ के लिए रवाना किया। 6 घंटे की तलाश के बाद पुलिस प्रीतम और पीयूष के साथ लूट में शामिल तीसरे बदमाश अभिषेक उर्फ छोटू निवासी न्यू राजीव नगर को गिर तार कर उज्जैन ले आई। उनसे लूट में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली गई थी वहीं रात में लूट की राशि और मोबाइल बरामद करने के प्रयास किए गए बदमाशों ने कुछ रुपए खर्च कर दिए थे। टीआई कुरील ने बताया आज तीनों बदमाशों ने शोक पूरे करने के लिए लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद, 7 घायल

उज्जैन/घटि्टया। घर के सामने खड़ी गाड़ी हटाने की बात पर हुए विवाद में पिता-पुत्रों ने मिलकर परिवार पर हथियारों से हमला कर दिया। परिवार के 7 लोग घायल हुए हैं। जिन्हें उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटि्टया तहसील के ग्राम धन्नाखेड़ी में रहने वाले तेजूलाल पिता भेरूलाल के घर के सामने आत्माराम ने अपना चारपहिया वाहन खड़ा कर दिया था। तेजूलाल ने घर के सामने से वाहन हटाने की बात कही तो आत्माराम ने विवाद शुरू कर दिया। उसके पुत्र राहुल, सुनील, रिश्तेदार आशीष, विशाल, लाखन, गोकुल, मोहन और सीमाबाई भी विवाद में शामिल हो गए। कहासुनी इतनी बढ़ी कि आत्माराम ने अपने परिवार के साथ मिलकर तलवार, लाठी और डंडों से तेजूलाल, उसके परिवार में शामिल प्रभुलाल, अमरदीप, गणेश, भेरूलाल, सायरबाई, शिवनारायण पर हमला कर दिया। तेजूलाल का परिवार हमले में लहूलुहान हो गया। दो पक्षों के बीच विवाद की जानकारी मिलने पर पुलिस धन्नाखेड़ी पहुंची। हमला करने वाले भाग निकले थे। पुलिस ने घायल हुए सात लोगों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां से कुछ की हालत गंभीर होने पर उन्हें उज्जैन रैफर कर दिया गया। जहां घायलों का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है। पुलिस हमला करने वालों की तलाश कर रही है।

फंदे पर लटका मिला युवक, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

उज्जैन। माकडोन में युवक फंदे पर लटका मिला। उसके गले पर जख्म का गहरा निशान था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव तराना से उज्जैन भेजा और डॉक्टरों की पैनल से पोस्टमार्टम कराया। रिपोर्ट आने पर सामने आये कि मामला आत्महत्या का है या फिर हत्या का।

ग्राम नांदेड माकडोन में रहने रामचंद्र पिता भैरूलाल मंडोत 28 वर्ष गुरूवार तड़के 5 बजे फंदे पर लटका मिला। उसकी वृद्ध मां ने रामचंद्र को लटका देख परिजनों को बुलाया। कुछ दूरी पर रहने वाला भाई संतोष पहुंचा तो उसने रामचंद्र की गर्दन पर गहरा जख्म का निशान देखा। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस जांच के लिये पहुंची। फंदे पर लटके मृतक के पैर जमीन से टिके थे, बावजूद जांच के लिये एफएसएल टीम को बुलाया गया। शव को माकडोन से तराना अस्पताल भेजा गया। लेकिन परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया और रिश्तेदारों पर शंका जताई। परिजनों की शंका के चलते पुलिस शाम को शव उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंची। जहां 2 डॉक्टरों की पैनल से देर शाम पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक के भाई संतोष ने बताया कि उनका मौसी के लड़के भारत पिता नंदलाल के साथ पिछले डेढ़ साल से विवाद चला आ रहा है। भारत उनके छोटे भाई जीवन की पत्नी और 2 बच्चों को घर के सामान और पैसों के साथ लेकर भाग गया था। कुछ दिन से भारत और उसका भाई देव गांव में घूम रहे थे। दोनों दादागिरी दिखाते थे। पूर्व में मारपीट कर रामचंद्र को थाने में बंद करा दिया था। उन्होंने ही रामचंद्र की हत्या की है पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

झारड़ा की महिला और महिदपुर की युवती ने खाया जहर, मौत

उज्जैन। झारडा और महिदपुर क्षेत्र की रहने वाली महिला और युवती ने गुरुवार को जहर खा लिया था। परिजन उपचार के लिए उज्जैन लेकर पहुंचे थे। दोनों की मौत हो गई। पुलिस आत्महत्या के मामले में जांच कर रही है। विदित हो कि जहरखुरानी के मामले सहित फांसी लगाने के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं।

झारडा के इंदौख की रहने वाली सीमा पति जसपालसिंह 18 वर्ष को परिजन उज्जैन के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सीमा का वर्ष 2021 में राजस्थान के रहने वाले जसपाल से विवाह हुआ था। लेकिन गौना नहीं होने के चलते उसे ससुराल नहीं भेजा था। नानाखेड़ा पुलिस ने मामले की जांच झारडा पुलिस को भेजी है। दूसरा मामला महिदपुर के ग्राम आक्याधागा का है। यहां रहने वाली कोमल पिता भगवानसिंह आंजना 22 साल को परिजन उज्जैन आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे जहां उसकी रात में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि घर पर कोई नहीं था। भाई विशाल घर पहुंचा तो कोमल उल्टियां कर रही थी। पूछने पर पेट दर्द होना बताया। लेकिन मेडिकल कॉलेज लाने पर जहर खाने की बात सामने आई।

जिलाा प्रशासन के पक्ष में बयान देने वाले अभिभाषक को धमकी

उज्जैन। मिर्जा नईम बेग मार्ग पर रहने वाले अभिभाषक मकसूद पिता मसरद अली की शिकायत पर खाराकुंआ थाना पुलिस ने लाल मस्जिद के पास रहने वाले नफीश शेख के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351 (2) और 3 (5) में प्रकरण दर्ज किया है।

मकसूद अली ने शिकायत में बताया कि 7-8 जुलाई की रात 1.11 बजे और 1.13 मिनट पर उनके मोबाइल पर नफीश शेख का मोबाइल नम्बर 9203148493 से फोन आया था। रिसिव करने पर नफीश ने गाली देकर जान से मारने की धमकी दी। मोबाइल पर उसके 2 साथियों की आवाज भी आ रही थी। जो गालियां दे रहे थे। तीनों ने शहरकाजी का नाम लेकर गोली मारने की धमकी दी। उनका कहना था कि मोहर्रम जुलूस के दौरान तुमने प्रशासन के पक्ष में पत्रकारों को बयान क्यों दिया। खाराकुआ पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है। वहीं मकसूद अली ने बताया कि जुलूस के दौरान घोड़ा लेकर निकले लोगों ने गलत रास्ते पर जाने का प्रयास किया था, उस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। उसके बाद मैंने कहा था कि जब प्रशासन के साथ हुई बैठक में रूट तय किया गया था, तक सभी ने सहमति दी थी। उसके बाद भी गलत रास्ते पर जाने का प्रयास किया गया। अगर उन्हे घोड़ा लेकर सलामी देने इमामवाडा जाना था तो बैठक में बताना था। इसी बात पर उन्हे धमकी दी

श्रावण महोत्सव | आज से मंदिर समिति का 20 वां अखिल भारतीय श्रावण महोत्सव शुरू होगा

श्रावण मास पहले दिन से ही महाकाल में भीड़, रात 3 बजे हुई भस्मारती

नवभारत न्यूज

उज्जैन। श्रावण मास शुरू होते ही शुक्रवार से उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ना शुरू हो गए। 30 दिनों तक श्रावण मास चलेगा। इस दौरान चार सोमवार आएंगे। पहला सोमवार 14 जुलाई को आएगा। श्रावण मास में पहले दिन से ही बाबा महाकाल की दिनचर्या बदल गई। भस्मारती के लिए रात 3 बजे मंदिर के पट खोले गए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया। भस्मारती बाद से आम दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ जो रात में शयन आरती तक जारी रहा। मंदिर प्रबंध समिति का 20 वां अखिल भारतीय श्रावण महोत्सव 2025 शनिवार से शुरू होगा। समिति की उप प्रशासक श्रीमती सिम्मी यादव ने बताया त्रिवेणी कला एवं पुरातत्व संग्रहालय सभागृह, जयसिंह पुरा पर शाम 7 बजे से बड़ोदरा के चिंतन उपाध्याय का शास्त्रीय गायन, उज्जैन के सतीश गोथरवाल के निर्देशन में संस्था पंडित विष्णु नारायण भातखंडे कला संस्थान का ताल वाद्य कचहरी व इंदौर की संस्था कार्तिक कला अकादमी की निर्देशिका सुचित्रा हरमलकर के निर्देशन में कथक नृत्य होगा।

कावड़ पहुंची महाकाल, मुख्यमंत्री भी शामिल

श्रावण की पहली कावड़ यात्रा शुक्रवार को उज्जैन में निकली और त्रिवेणी से शुरू होकर महाकाल मंदिर पहुंची। समर्पण कावड़ यात्रा संघ के प्रमुख महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज के नेतृत्व में हजारों कावड़ियों ने बाबा महाकाल का पात्र के जरिए जल चढ़ाकर अभिषेक किया। यात्रा में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मुख्य रूप से शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने केवल यात्रा में आए बल्कि उन्होंने कावड़ भी उठाई। यात्रा में बैंड, ध्वज, डीजे, बग्घी में संत व हाथों में श्रद्धालु कावड़ि लिए पैदल महाकाल का उद्घोष करते निकले। मार्ग में पुष्प वर्षा से यात्रियों का स्वागत किया गया। यात्रा में तपन भौमिक, ओम जैन, राम भागवत आदि शामिल हुए। यात्रा में शामिल कावड़ियों व आम नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए पौधे वितरित किए गए।